समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# शेयर बाजार मे आज बड़ी गिरावट, 700 अंक फिसला सेसेंक्स, जानिए क्यों गिरे मार्केट के हालात ।

Publisher

Published on 11 Jul 2025



**शेयर बाजार मे आज आईटी और ऑटो सेक्टर मे बिकवाली से आई बड़ी गिरावट, सिर्फ एफएमसीजी सेक्टर मे दिखी तेजी, जानिए क्या है कारण ।**

**शेयर बाजार अपडेट :** शुक्रवार, 11 जुलाई 2025 को शेयर बाजार में **भारी गिरावट देखने** को मिली। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सभी प्रमुख सेक्टरों में बिकवाली का माहौल रहा, जिससे बाजार में करीब **1 प्रतिशत** तक की गिरावट दर्ज की गई।

**बीएसई सेसेंक्स (BSE Sensex)** लगभग **700 अंक गिरकर 82,509.59** पर बंद हुआ, जबकि ए**नएसई निफ्टी-50 (Nifty 50)** दोपहर करीब **12:30 बजे तक 200 अंक** फिसल कर 25,162.25 के स्तर पर आ गया।

**किन शेयरों मे गिरावट और कहां दिखी तेजी ?**

१. **आज के कारोबार मे आईटी सेक्टर सबसे ज्यादा दबाव मे रंहा।**

२. **टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के तिमाही नतीजे उम्मीद से कमजोर रहे, जिसके चलते इसके शेयर मे 2.75 प्रतिशत की गिरावट आई।**

३. **आईटी इंडेक्स भी दोपहर के सत्र मे 1 प्रतिशत नीचे आ गया।**

अन्य गिरावट वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे:

१. **महिंद्रा एंड महिंद्रा :** 2.43 प्रतिशत गिरावट

२. **बजाज फिनसर्व:** 1.72 प्रतिशत गिरावट

३. **रिलायंस इंडस्ट्रीज :** 1.68 प्रतिशत गिरावट

७. **रिलायंस इंडस्ट्रीज :** 1.68 प्रतिशत गिरावट

वहीं, जिन शेयरों में बढ़त देखने को मिली उनमें **एफएमसीजी सेक्टर** सबसे आगे रहा:
१. **हिंदुस्तान यूनिलीवर (HUL):** 4.77 प्रतिशत की तेजी
२. **एक्सिस बैंक :** 0.48 प्रतिशत की तेजी
३. **सन फार्मा:** 0.51 प्रतिशत की तेजी

बाजार में गिरावट की वजह क्या रही ?
१. **बाजार विश्लेषकों के अनुसार, ग्लोबल अनिश्चितताओं के चलते आईटी सेक्टर के बड़े स्टॉक्स मे दंबाव बना** ।
२. **टीसीएस के कमजोर तिमाही नतीजों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया** ।
३. **निफ्टी आईटी इंडेक्स मे 1.85 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसने बाजार को नीचे धकेला** ।
४. **इसके साथ ही ऑटो सेक्टर मे भी बिकवाली देखी गई** ।

**मिडकैप** और **स्मॉलकैप शेयरों** में भी गिरावट दर्ज की गई:
१. **निफ्टी मिडकैप 100: 0.86 प्रतिशत फिसला**
२. **निफ्टी स्मॉलकैप 100: 1 प्रतिशत टूटा**

हालांकि, बाजार की अस्थिरता को मापने वाला **इंडिया VIX इंडेक्स 1.90 प्रतिशत** चढ़ा, जो दिखाता है कि निवेशक बाजार के उतार-चढ़ाव से सतर्क हैं।

## वैश्विक संकेत भी रहे कमजोर

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी बाजारों से भी कमजोर संकेत मिले। **अमेरिका** और **चीन** के बीच व्यापार तनाव, **यूरोप** में मंदी की आशंका और कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता ने वैश्विक निवेशकों को सतर्क कर दिया है।

भारत में रुपये में गिरावट और बॉन्ड यील्ड में हल्का उछाल भी घरेलू बाजार पर दबाव डाल रहा है।

## निवेशकों के लिए क्या है सलाह ?

विशेषज्ञों का मानना है कि यह **गिरावट बाजार के दीर्घकालिक ट्रेंड** को प्रभावित नहीं करेगी। निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे घबराएं नहीं और गुणवत्ता वाले स्टॉक्स में लॉन्ग टर्म निवेश पर फोकस रखें।

## आज के प्रमुख गेनर और लूजर :

| **टॉप गेनर** | **प्रतिशत (%)** | **टॉप लूजर** | **प्रतिशत (%)** |
|---|---|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | +4.77% | महिंद्रा एंड महिंद्रा | -2.43% |
| एक्सिस बैंक | +0.48% | टीसीएस | -2.75% |
| सन फार्मा | +0.51% | रिलायंस इंडस्ट्रीज | -1.68% |

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.